कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मा–स/विविध/2019 दिनांकः– 09/09/2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान।

विषय :– विद्यालयों में प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग कम करने व प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन से संबंधित गतिविधि/कार्यक्रम आयोजित किये जाने बाबत।

सन्दर्भ :– 1. संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का अर्द्धशासकीय पत्रांक : F.27-7/20 19-Is-9 दिनांक 6 सितम्बर, 2019

2. शासन सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का अर्द्धशासकीय पत्रांक : 2/2/s(DWS)/19 दिनांक 2 सितम्बर, 2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि जिला क्षेत्राधिकार के समस्त विद्यालयों में 11 सितम्बर 2019 से 27 अक्टूबर 2019 तक प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को कम करने एवं प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन पर जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से समस्त संस्था प्रधानों को अग्रांकित विवरणानुसार गतिविधियां/कार्यक्रम आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करें :–

क्र.सं.	आयोजन अवधि/तिथि	आयोज्य गतिविधि/कार्यक्रम का विवरण
1	11 सितम्बर 2019 से 01 अक्टूबर 2019 तक	1. प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन हेतु जन जागरूकता अभियान चला कर विद्यालय परिसर एवं आस–पास एक बार उपयोग में आने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूकता विकसित की जाए। 2. प्लास्टिक कचरे के संग्रहण एवं उचित निष्पादन की जानकारी का प्रचार–प्रसार किया जाए।
2	02 अक्टूबर 2019	गांधी जयन्ती के अवसर पर "स्वच्छता ही सेवा" दिवस के अन्तर्गत प्लास्टिक कचरा संग्रहण हेतु श्रमदान का आयोजन। इसके तहत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी विद्यालय परिसर के अन्दर तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी विद्यालय के समीप श्रमदान करेंगे।
3	03 अक्टूबर 2019 से 27 अक्टूबर 2019 तक	"स्वच्छता ही सेवा" के अन्तर्गत एकत्रित प्लास्टिक कचरे के संग्रहण एवं समुचित निष्पादन हेतु यथोचित कार्यवाही की जाएगी। इसके तहत विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित प्लास्टिक कचरे को विद्यालय प्रशासन द्वारा स्थानीय पंचायत/नगरीय निकाय के माध्यम से निष्पादित करवाया जाए।

उपर्युक्तानुरूप विद्यालयों में आयोजित की गई गतिविधियों की सूचना व फोटोग्राफ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर की SWSHE Cell की मेल आई.डी. swshecell@hotmail.com पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)